हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 14 सितंबर 2026

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 सितम्बर 2026
कूपन नं.
5

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

बंगोली। ग्राम बंगोली निवासी खिलेंद्र वर्मा पिता सुरेंद्र कुमार वर्मा उम्र 27 वर्ष ने अपने घर में 12 सितंबर को फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार मृतक खिलेंद्र वर्मा शनिवार संध्या 7 से 8 बजे के बीच अपने ही कमरे में कपड़े से फांसी का फंदा बनाकर पंखे की हुक से गले में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक विवाहित है तथा 3 वर्ष का छोटे लड़के हैं। घटना की जानकारी होते ही स्थानीय पुलिस थाना खरोरा को सूचना दिया पश्चात लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए चिरघर खरोरा भेजा गया। घटना पंजीबद्ध कर जांच जारी है।

40 किलो गांजा जब्त चार तस्कर गिरफ्तार

बिलाईगढ़। सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस की एएनटीएफ और थाना सरसींवां पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 40 किलो अवैध गांजा समेत चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा के 40 पैकेट, होंडा सिटी कार, दो मोबाइल तथा पायलटिंग में प्रयुक्त केटीएम मोटरसाइकिल व मोबाइल सहित कुल 28.60 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार 12 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम गाताडीह-गोपालपुर मार्ग पर राजकुमार राणा की ऑटो पार्ट्स दुकान के पास घेराबंदी की गई। ओडिशा से पामगढ़ की ओर गांजा ले जा रही होंडा सिटी कार को रोककर टुकेश्वर यादव (22), गणेश राम यादव (21) को पकड़ा गया। कार के आगे केटीएम बाइक से पायलटिंग कर रहे भावेश साहू और विनोद यादव को भी गिरफ्तार किया गया। चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक 24 घंटे के भीतर थाना सरिया और सरसींवां के दो मामलों में कुल सात गांजा तस्करों से 50.761 किलो गांजा, दो कार, एक केटीएम बाइक और पांच मोबाइल समेत 36.49 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

कठिया में तीज महिला खेल महोत्सव आज

खरोरा। ग्राम कठिया नंबर एक में संकट मोचन परिवार के तत्वावधान में तीज पर्व के अवसर पर 14 सितंबर 2026 को महिला खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गांव की बहू-बेटियों के लिए सुई-धागा दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकशी, मटका फोड़ सहित विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए विशेष पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई है। संकट मोचन परिवार ने ग्राम की सभी बहू-बेटियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर तीज पर्व के आयोजन को यादगार बनाने की अपील की है।

धोबी समाज का प्रदेश स्तरीय बैठक 20 को

अर्जुनी। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज का प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय बैठक 20 सितंबर को जिला मुख्यालय स्थित थाना सिटी कोतवाली के सामने समाज के सामुदायिक भवन में सुबह 11 बजे से रखा गया है। बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक ने बताया कि प्रदेश स्तरीय बैठक में एक समाज एक ▸▸ शेष पेज 12 पर

आज निर्जला उपवास रखेगी तिजहारिनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

तीज पर्व के आगमन के साथ ही खरोरा अंचल में उत्सव का माहौल बन गया है। तिथियों की गणना के अनुसार तीजहारिन बहनें रविवार 13 सितंबर को 'कड़ (करू) भात' का नियम पूरा करेंगी। शनिवार को केशला के साप्ताहिक बाजार में कड़ भात की परंपरा निभाने के लिए करेले की जमकर खरीदारी हुई।

बाजार में करेला 100 रुपये प्रति किलो तक बिका, जिसके बावजूद महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ करेले की खरीदारी की। मुरा, तुलसी, असौदा और केशला में तीजहारिन बहनें अपने-अपने कुल पुरोहितों के पंचांग और मान्यताओं के अनुसार कड़ भात खाएंगी। इसके बाद सोमवार 14 सितंबर को पति की दीर्घायु की कामना लेकर कठिन निर्जला उपवास रखा जाएगा।

- फुलेरा सजाकर होगा पूजन, रतजगा कर करेंगी आराधना

100 रुपए किलो बिका करेला



पत्तल में खाएंगी करू भात

छत्तीसगढ़ में माताओं और बहन-बेटियों के लिए तीजा सबसे बड़ा महापर्व माना जाता है। पोला के बाद से ही गांवों और शहरों में रौनक बढ़ गई है। आज 13 सितंबर को करू भात का आयोजन हर घर-परिवार में होगा, जो शाम से लेकर आधी रात तक चलेगा। गांवों में पड़ोस की बहन-बेटियों को करू भात खाने के लिए न्योता देने की परंपरा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। महिलाएं एक-दूसरे के घर पहुंचकर दरी पर बैठकर पत्तल में चावल, चना और करेला खाती हैं, जो आपसी सौहार्द और भाईचारे का अनूठा उदाहरण पेश करता है। सोमवार 14 सितंबर को महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखेंगी। रात में फुलेरा सजाकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। कई गांवों में महिलाएं सामूहिक रूप से एक स्थान पर एकत्रित होकर भजन, रामायण और गीत-संगीत के साथ रतजगा करेंगी।

गणेश चतुर्थी आज: अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार



बंगोली। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। समीपस्थ ग्राम कुर्रा में मूर्तिकार जयप्रकाश धीवर द्वारा भगवान श्री गणेश की छोटी और बड़ी एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। मूर्तिकार के अनुसार, इस वर्ष सभी आकार की मूर्तियां श्रद्धालुओं की मांग और एडवांस ऑर्डर के आधार पर बनाई गई हैं। आज गणेश चतुर्थी का पर्व होने के कारण मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। मूर्तियों की फिनिशिंग और साज-सज्जा का काम तेजी से निपटाया जा रहा है, ताकि समिति के सदस्य और श्रद्धालु समय पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ अपने पंडालों व घरों में विराजमान करने के लिए ले जा सकें।

एडवाइजरी : धान फसल में कीट व्याधि की नियमित निगरानी करें

धान में कीट-रोग का खतरा बढ़ा, वैज्ञानिकों ने किसानों को सतर्क रहने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

वर्तमान खरीफ सीजन मे खेतों मे पर्याप्त नमी एवं अनुकूल वातावरण के कारण धान की फसल मे कीट एवं रोगों के प्रकोप की सम्भावना बढ़ गई है।इसी को ध्यान मे रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वैज्ञानिको ने जिले के किसानों को अपनी फसलों की नियमित निगरानी तथा कीट एवं रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देते ही समय पर वैज्ञानिक एवं अनुशंसित प्रबंधन उपाय अपनाने की सलाह दी है।

किसानों को विशेष रूप से धान के पत्तों तनो एवं बढ़वार का सूक्ष्मता से निरीक्षण करना चाहिए।खेत मे केवल एक स्थान पर खड़े होकर निरीक्षण करने के बजाय अलग -अलग स्थानों से जांच करें। धान में तना छेदक कीट की सुंडी पौधे की तने मे प्रवेश कर अंदर की भाग को नुकसान पहुँचाते हैं।इसके कारण फसल की अवस्था के अनुसार सेडेड हार्टर तथा बलिया निकलने के बाद व्हाइट ईयर जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। किसानों को खेत का निरीक्षण करते समय सुखे केंद्रीय तनो एवं असामान्य रूप से सूख रहे पौधों को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।





गंगई के प्रकोप की करें नियमित निगरानी

धान में गंगाई के प्रकोप की भी नियमित निगरानी आवश्यक है। इस कीट के प्रकोप से धान के पौधों की नई बढ़वार प्रभावित होती है और संक्रमित पौधे में सामान्य पत्ती के स्थान पर लंबी, पतली नलीनुमा संरचना दिखाई दे सकती है जिससे समान्यत सिल्वर शूट अथवा प्याज पत्ती के लक्षण के रूप मे पहचाना जाता है। प्रभावित पौधे सामान्य विक्रसित नहीं हो पाते तथा उनमें बालियों का विकास प्रभावित हो सकती है।गंगाई के लक्षण दिखाई देने पर पिप्रोनील 5 प्रतिशत,ए सी 1000 मीलिलीटर,प्रति हेक्टेयर उपयोग करें।

भूरा माहू के प्रकोप पर विशेष ध्यान

भूरा माहु पौधों के निचले हिस्से मे रहकर रस चूसता है। किसानों को खेत का निरीक्षण करते समय पौधों के तने के निचले हिस्से एवं पानी की सतह के आसपास विशेष ध्यान देना चाहिए। भूरा माहु के अधिक प्रकोप में पौधे कमजोर एवं पीले दिखाई दे सकते हैं। अधिक प्रकोप होने पर पौधों के समूह तेजी से पीले होकर सूखने लगते है। इस स्थिति को हॉपर बर्ग कहा जाता है। भूरा माहु के प्रकोप की स्थिति में किसानों को खेत में अनावश्यक अत्यधिक उर्वरक के प्रयोग से बचना चाहिए। खेत में नियमित निगरानी करते हुए कीट की स्थिति का आकलन करें। भूरा माहु के नियंत्रण के लिए ब्युप्रोफेझीन 25 प्रतिशत एस. सी. 800 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर अथवा पाइमेट्रोजिन 50 डब्लू जी. प्रति हेक्टेयर उपयोग की सलाह दी गई है।

पत्ती मोड़क, पत्ती लपेटक की करें पहचान

धान में पत्ती मोड़क अथवा पत्ती लपेटक कीट प्रकोप होने पर इसकी सूडिया पत्तियों की लम्बाई मे मोड़कर अथवा लपेटकर उनके अंदर छिप जाती है। सुंडियां पत्ती के हरे भाग को खुरच कर खाती हैं जिससे प्रभावित पत्तियों पर सफ्रेद धारियों अथवा झिल्ली जैसे लंबे निशान दिखाई देते हैं। अधिक प्रकोप होने पर पत्तियों का हरा भाग नष्ट होने से पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रभावित हो सकती है जिससे पौधों की वृद्धि एवं विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।किसानों को नियमित रूप से खेत में लिपटी हुई व मुड़ी हुई धान के पत्तियों की जांच करनी चाहिए। तना छेदक व लपेटक के अधिक प्रकोप होने पर कर्टाप हाईड्रोक्लोराइड़ 50 डब्लू पी /1 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर अथवा क्लोरेंट्रानीलीप्रोल प्रति 150 मिलिलीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी मे घोल बना कर छिड़काव करें।

आत्मानंद स्कूल का गेट टूटकर गिरा, 7 वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम हथबंद स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में शनिवार को लोहे का बड़ा गेट अचानक टूटकर गिरने से 7 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बालक की पहचान शीवम यादव पिता नन्ही यादव निवासी रतनपुर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शीवम तीज पर्व के अवसर पर हथबंद में अपनी बड़ी मां के घर आया हुआ था। इसी दौरान हादसे में वह स्कूल के में गेट की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम सिमगा अतुल शेटे ने तत्काल मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय के मुख्य द्वार को जिस कॉलम पर लगाया गया था उसकी स्थिति करीब तीन माह से खराब थी। मुख्य द्वार ऊपर-नीचे से अपनी पकड़ खो चुका था तथा मात्र एक पट्टी और कील के सहारे टिका हुआ था। ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद शाला प्रबंधन द्वारा मृतक परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने जिला कलेक्टर से चर्चा कर मृतक परिवार को आर्थिक सहायता ▸▸ शेष पेज 12 पर

निष्पक्ष जांच कराने की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि शाला विकास समिति द्वारा प्रत्येक बच्चे से सालाना 600 रुपये लिए जाते हैं तथा विद्यालय में कार्य एवं रखरखाव के लिए राशि उपलब्ध होने के बावजूद मुख्य द्वार की समय पर मरम्मत नहीं कराई गई। विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा निगरानी एवं अनुशासन व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। जनपद सदस्य प्रतिनिधि ऋषिकांत पटेल ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

गंगरेल से छूटा पानी, महानदी में बढ़ा जलस्तर, तटीय गांवों में कराई जा रही मुनादी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

राज्य के सबसे बड़े गंगरेल बांध से पानी छोड़ने के बाद महानदी का जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के नदी किनारे बसे एवं संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने कहा है। कलेक्टर ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस विभाग, तहसीलदारों, जल संसाधन विभाग एवं मैदानी अमले को प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि नदी किनारे बसे गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जाए तथा लोगों को नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप जाने से रोका जाए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं। इधर जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कलमा बैराज में जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। शनिवार शाम 7 बजे बैराज का जलस्तर 193.550 मीटर था, जो रविवार सुबह 7 बजे बढ़कर 194.700 मीटर पहुंच गया। हालांकि वर्तमान में जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। तहसीलदार सारंगढ़ एन.के. सिन्हा ने बताया कि सभी संभावित प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति फिलहाल सामान्य है और नदी किनारे के क्षेत्रों में लोगों को सतर्क करने के लिए मुनादी कराई जा रही है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से नदी किनारे न जाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

- सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर

प्रशासन की सतर्कता एवं अपील

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जलस्तर में होने वाले प्रत्येक बदलाव की नियमित जानकारी ली जाए और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन तैयार रखे जाएं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सतर्कता एवं सावधानी बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देने की अपील की है।

ओवररेटिंग पर सात सेल्समैन पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

आबकारी विभाग की टीम ने 10 सितंबर को ग्राम करहीबाजार स्थित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बिक्री किए जाने का मामला सामने आया। विभाग के अनुसार दुकान के मुख्य विक्रयकर्ता महेंद्र कुमार सोनवानी, विक्रयकर्ता अवधेश कुमार यदु, कोमल यदु, संजय कुमार जांगड़े, बलदाऊ यादव, इंद्रजीत यदु तथा मल्टीवेंडर संदीप कुमार जोगी द्वारा आपसी मिलीभगत से अधिक दर पर मदिरा बिक्री की जा रही थी। आबकारी आयुक्त पदम सिंह एल्मा के निर्देश तथा कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी निधीश कुमार कोष्टि के मार्गदर्शन में हुई। इस कार्रवाई के बाद संबंधित कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने और ब्लैक लिस्ट करने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन ▸▸ शेष पेज 12 पर

- सेवा से पृथक व ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव

14 असामाजिक तत्व गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा-नेवरा



आगामी गणेश पर्व को देखते हुए तिल्दा-नेवरा पुलिस ने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। क्षेत्र में विवाद, मारपीट और उपद्रव की आशंका पैदा करने वाले 14 असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल तिवारी और एसडीओपी विधानसभा श्री वीरेंद्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी और पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी क्रम में 13 सितंबर को थाना तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने पेट्रोलिंग और निगरानी के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हांकित किया, जिनसे क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित होने और संज्ञेय अपराध होने की आशंका थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 14 लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया और धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। सभी को अनुविभागीय ▸▸ शेष पेज 12 पर

तीजा पर्व मनाने मायके की राह पर निकलीं बेटियां, बसों में सीटें मिलना मुश्किल

मायके जाने की होड़, बसों में यात्रियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा



प्रदेश के लोकपर्व पोला और हरितालिका तीज को लेकर बहन-बेटियों के अपने मायके पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके चलते बसों और अन्य सवारी वाहनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। शुक्रवार शाम खरोरा से बलौदाबाजार, तिल्दा, रायपुर और भाटापारा की ओर जाने वाली बसों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी और कई यात्री गलियारे में खड़े होकर सफर करने को मजबूर रहे। तीजा पर्व में विवाहित बेटियों के मायके आने की परंपरा के चलते महिलाएं कई दिन पहले से ही अपने मायके की ओर निकलने लगी हैं। यही कारण है कि हरितालिका तीज में अभी कुछ दिन बाकी होने के बावजूद बसों और यात्री वाहनों में तिजहारिनों की संख्या बढ़ गई है। बसों की सभी सीटें पहले ही भर जाने के बाद यात्रियों को खड़े होकर और भीड़ के बीच सफर करना पड़ रहा है। वहीं निजी बसों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर पुरुष यात्रियों के बैठने से भी महिला यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरक्षित सीट होने के बावजूद कई महिलाओं को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ रही है। सीट को लेकर कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। यात्रियों का कहना है ▸▸ शेष पेज 12 पर

तीजा से जुड़ी धार्मिक मान्यता

लता साहू ने हरितालिका तीज की धार्मिक मान्यता बताते हुए कहा कि मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी सखियां उन्हें वन में ले गई थीं, इसी वजह से इस पर्व का नाम हरितालिका पड़ा। मायके जाने की परंपरा के कारण अनेक महिलाएं तीज का व्रत मायके में रहकर करना पसंद करती हैं। वहीं राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी मंदिर पंडित ने बताया कि हरितालिका तीज हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण निर्जला व्रत है। सुहागन महिलाएं पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना से यह व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित युवतियां मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए व्रत करती हैं। तीजा पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह साफ नजर आने लगा है और सार्वजनिक परिवहन साधनों में बढ़ती भीड़ से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तीजा का रंग पर्व से पहले ही बसों में दिखाई देने लगा है।

सुहाग की लंबी उम्र के लिए तिजहारिनों ने रखा निर्जला व्रत, बाजारों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए मनाया जाने वाला छत्तीसगढ़ का पारंपरिक तीजा पर्व रविवार रात से शुरू हो गया। तिजहारिनों ने व्रत शुरू करने से पहले करू भात ग्रहण किया और इसके बाद निर्जला व्रत की शुरुआत की। सोमवार को महिलाएं पूरे दिन और रात व्रत रखेंगी। मंगलवार सुबह भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना के बाद व्रत का पारण किया जाएगा। तीजा पर्व को लेकर रविवार को बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा सामग्री, साज-श्रृंगार का सामान, कपड़े और अन्य जरूरी सामानों की खरीदारी करती नजर आईं। कपड़ों के साथ-साथ सोने-चांदी की दुकानों पर भी भारी भीड़ रही। कई दुकानों में इतनी भीड़ रही कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

भाई लेकर आता है बहन को मायके

छत्तीसगढ़ में तीजा केवल व्रत और पूजा का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन और मायके से जुड़ी भावनाओं का भी त्योहार है। परंपरा के अनुसार तीजा मनाने के लिए भाई अपनी बहन को ससुराल से मायके लेने जाता है। हालांकि इस बार अधिकांश बहन-बेटियां पोला पर्व के समय ही मायके पहुंच चुकी हैं। कई परिवारों में आज भी भाई अपनी बहन को लेने पहुंच रहे हैं। तीजा पर्व के दौरान बेटियों के मायके आने से घरों में विशेष रौनक रहती है। घर की महिलाएं पारंपरिक पकवान बनाने में जुटी हुई हैं। ठेठरी, खुर्मी सहित छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खुशबू घर-घर में महसूस हो रही है। बेटियों के आने से मायके में उत्सव का माहौल है।

सोमवार रात शिव-पार्वती की पूजा के बाद मंगलवार सुबह खुलेगा व्रत

जेबकतरों ने उठाया फायदा

तीजा पर्व पर बड़ी संख्या में महिलाएं अपने मायके पहुंचने के लिए सफर करती हैं। इसके चलते रविवार को ट्रेनों में भी भारी भीड़ रही। भीड़ का फायदा जेबकतरों और चोरों ने उठाया। कई महिलाओं के पर्स चोरी होने की शिकायत सामने आई। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं को अपने सामान और कीमती वस्तुओं को लेकर सतर्क रहना पड़ा।





तीजा के दिन मायके में रहती हैं बहन-बेटियां

तीजा पर्व पर बहन-बेटियों के मायके में रहने की परंपरा छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अहम हिस्सा है। इस दौरान महिलाएं घर-परिवार की जिम्मेदारियां संभालती हैं और अपनी मां के साथ समय बिताती हैं। कई माताएं भी बेटी के मायके आने पर उसके साथ ही रहती हैं। हालांकि ऐसी भी कई माताएं हैं जो बेटी के घर आने के बावजूद केवल एक दिन के लिए अपने मायके जाती हैं और फिर भाई उन्हें वापस लेकर आता है।

20 साल बाद तीजा और गणेश चतुर्थी का संयोग

इस बार तीजा पर्व को लेकर एक खास संयोग भी देखने को मिल रहा है। करीब 20 साल बाद तीजा और गणेश चतुर्थी एक ही दिन पड़ने का अवसर आया है। सोमवार को महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से तीजा व्रत रखेंगी, जबकि कुंवारी युवतियां अच्छे वर की कामना के लिए व्रत करेंगी। रात में महिलाएं विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी। इसके साथ ही घर-घर में तीजा की पारंपरिक रस्में निभाई जाएंगी। मंगलवार सुबह पूजा के बाद व्रत का पारण होगा। तीजा पर्व ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति, भाई-बहन के प्रेम और मायके की यादों को जीवंत कर दिया है। बाजारों की रौनक से लेकर घरों में बन रहे पारंपरिक पकवानों तक, हर तरफ तीजा की खुशियां नजर आ रही हैं।

खबर संक्षेप

स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण

महासमुंद। शासकीय प्रथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में पौधरोपण किया गया। जिसमें काजू फलदार पौधा के साथ विभिन्न प्रकार के पौधे संस्था परिसर में लगाए गए। शाला समिति के उपाध्यक्ष कमल ध्रुव ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर वातावरण को हरा भरा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जन्मदिन, परिवार में विवाह उत्सव अन्य आयोजनों पर पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान शाला के सफाईकर्मी वीरनारायण ध्रुव मौजूद रहे।

लाफिनकला में तीजा महोत्सव आज

महासमुंद। ग्राम लाफिनकला में इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरागत त्योहार तीजा को विशेष रूप से मनाने तीजा महोत्सव का आयोजन सोमवार 14 सितंबर को किया गया है। ग्राम लाफिन कला के गौठान स्थल, श्रीराम जानकी मंदिर में तिजहारिनों के लिए तीजा महोत्सव आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति के सदस्यों कमलेश साहू, गोवर्धन साहू ने बताया कि विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से पारिवारिक व सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करना है और अलग-अलग गांव में ससुराल जाने से सभी लोग आपस में मिल नही पाते, जिसे ध्यान में रखते हुए तीजा महोत्सव का आयोजन विगत चार वर्षों से किया जा रहा है।

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 16 को

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद कैबिनेट मंत्री दर्जा एवं उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा राज्य मंत्री दर्जा द्वारा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 16 सितंबर 2026 को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष महासमुंद में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के हितार्थ संचालित राज्य एवं केंद्र शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा के साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमीलेयर निर्धारण के संबंध में विशेष चर्चा की जाएगी।

समस्या : बलौदाबाजार-रिसदा-सुहेला-हथबंद मार्ग में गड्ढों की भरमार

48.70 करोड़ का ठेका, पांच माह बाद भी सड़क पर काम शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार से रिसदा, सुहेला होते हुए हथबंद तक करीब 48 किलोमीटर लंबा मुख्य मार्ग लंबे समय से बदहाली का शिकार है। सड़क के निर्माण एवं मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 48.70 करोड़ रुपए का टेंडर जारी कर करीब पांच माह पहले ठेका भी आवंटित कर दिया, लेकिन अब तक सड़क पर जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हो सका है। मार्ग पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेका आवंटित होने के बाद संबंधित विभाग और ठेका कंपनी की ओर से क्षतिग्रस्त हिस्सों में तेजी से काम शुरू करने तथा करीब तीन माह में मुख्य हिस्सों की स्थिति सुधारने की बात कही गई थी। हालांकि पांच माह बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस है। बताया जा रहा है कि ठेका कंपनी द्वारा अनुबंध से संबंधित आवश्यक नियम एवं शर्तें पूरी नहीं किए जाने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई सड़क की बदहाली

मार्ग की बदहाली को लेकर हाल के दिनों में तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए। इसके बाद सड़क की स्थिति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हुई और विपक्ष ने भी सरकार तथा पीडब्ल्यूडी को घेरा। क्षेत्रवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपए की स्वीकृति और ठेका होने के बावजूद सड़क पर काम शुरू नहीं होना गंभीर विषय है। उनका कहना है कि सड़क की तत्काल मरम्मत नहीं होने पर दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ सकता है।





लोगों को जल्द राहत की उम्मीद

लगातार खराब सड़क के कारण स्थानीय ग्रामीणों, व्यापारियों, कर्मचारियों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि विभाग ठेका प्रक्रिया से जुड़े व्यवधानों को शीघ्र दूर कर निर्माण कार्य शुरू कराए तथा तब तक अत्यधिक क्षतिग्रस्त हिस्सों में अस्थायी मरम्मत कर यातायात को सुरक्षित बनाया जाए।

संस्थानों को नोटिस, दिसंबर तक पूरा करने का दावा

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ एमएल नायक के अनुसार सड़क से ऊंचे स्तर पर बने ढाबों, पेट्रोल पंपों सहित अन्य व्यावसायिक संस्थानों को नोटिस जारी कर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य की अंतिम समय-सीमा दिसंबर 2026 निर्धारित है। मानसून समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य को गति देकर निर्धारित अवधि में पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

औद्योगिक गतिविधियों से भारी वाहनों का दबाव

यह मार्ग क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है। न्यू विस्टा सीमेंट, श्री सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, थर्मल पावर प्लांट, राइस मिलों और एग्रो इंडस्ट्रीज के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार रोजाना करीब 400 से 500 बल्कर एवं अन्य भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। इनमें फ्लाईऐश से लदे वाहनों में क्षमता से अधिक भार होने की शिकायत भी सामने आती रही है। लगातार भारी वाहनों के दबाव को सड़क की दुर्दशा का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

ड्रेनेज व्यवस्था भी बनी समस्या

सड़क किनारे संचालित ढाबों, पेट्रोल पंपों और वॉशिंग सेंटरों के आसपास जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से भी सड़क को नुकसान पहुंच रहा है। कई स्थानों पर सड़क से ऊंचे स्तर पर बने व्यावसायिक परिसरों का पानी सीधे मुख्य मार्ग पर जमा होता है। बारिश के दौरान जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनने से सड़क की डामर परत उखड़ रही है और गड्ढे लगातार बढ़ रहे हैं।

दीपक बने नगर अध्यक्ष और हर्ष को मिली नगर मंत्री की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिमगा इकाई का गठन किया गया है। संगठन की रीति-नीति और छात्रहित में किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से दीपक साहू को नगर अध्यक्ष और हर्ष यदु को नगर मंत्री के दायित्व के लिए निर्वाचित किया गया है।

इस नई कार्यकारिणी में छात्रहित के कार्यों को गति देने के लिए नगर के प्रमुख छात्र नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिनमें नगर अध्यक्ष दीपक साहू नगर मंत्री, हर्ष यदु नगर सह मंत्री, जागेश्वर वर्मा, आशु ताम्रकार, नेहा देवांगन, प्रतीक चतुर्वेद कार्यालय मंत्री, शुभम शर्मा नगर एसएफएस प्रमुख, भूपेंद्र अडीले नगर एसएफएस सह प्रमुख, धनेंद्र यदु नगर एसएफडी प्रमुख, आकाश धृतलहरे एसएफडी सह प्रमुख, रुपेश देवांगन नगर आरकेएम प्रमुख, हिमांशु देवांगन आरकेएम सह प्रमुख, खुशबू देवांगन खेलो भारत प्रमुख, तामेश्वर साहू खेलो भारत सह प्रमुख, प्रखर शर्मा खेलो भारत, तारणी वर्मा महाविद्यालय प्रमुख, निखिल साहू, कमल कांत दुबे विद्यालय प्रमुख, लिवयांश देवांगन सोशल मीडिया प्रमुख हिमांशु सोनकर है। कार्यकारिणी की घोषणा के दौरान नवनियुक्त नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हितों के लिए संघर्ष करने वाला अग्रणी संगठन रहा है। सिमगा क्षेत्र के स्कूलों और महाविद्यालयों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।



समाजसेवा में योगदान के लिए द्वारिका प्रसाद साहू सम्मानित

मुंडा। सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं आदर्श ग्राम टेमरी निवासी डॉ. द्वारिका प्रसाद साहू को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। फरीदाबाद, एनसीआर दिल्ली में आयोजित समारोह में मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी की ओर से यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गीतांजली शर्मा और डॉ. सीपी यादव ने उन्हें सम्मानित किया। साहू लंबे समय से समाजसेवा, तकनीकी जागरूकता एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। सम्मान पर उन्होंने परिवार, साहू समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं साथियों के प्रति आभार जताया। समाजजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



शिक्षक जगेश्वर गहीर को आचार्य शिरोमणि सम्मान



बिलाईगढ़। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डीपापारा सलिहा में पदस्थ शिक्षक जगेश्वर प्रसाद गहीर को शिक्षा एवं समाजसेवा में योगदान के लिए आचार्य शिरोमणि सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। शकुंतला फाउंडेशन रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल में आयोजित समारोह में प्रदेश के 151 उत्कृष्ट शिक्षकों, समाजसेवियों एवं विद्यालयों को सम्मानित किया गया। समारोह में रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी एमजी सतीश कुमार सहित शिक्षा एवं समाजसेवा क्षेत्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बिलाईगढ़ विकासखंड के व्याख्याता मदन लाल तोमर एवं शिक्षक कृष्ण कुमार नेताम को भी सम्मानित किया गया।

छिलपावन-बागबाहरा मार्ग पर बने जानलेवा गड्ढे में गिरकर मासूम घायल

झलप। तीजा पर्व की खुशियां मनाने ननिहाल जा रहे डेढ़ वर्षीय मासूम भावेश यादव सड़क के जानलेवा गड्ढे की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया। पचरी पुलिया के पास बाइक गहरे गड्ढे में उछली और मासूम गोद से छिटककर सीधे सड़क पर जा गिरा। हादसे में उसके सिर पर गहरा घाव हुआ, डॉक्टरों को टांके लगाने पड़े, जबकि माथे और हाथ में भी गंभीर चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार तेजन यादव अपनी बहन और दो बच्चों के साथ बाइक से नवाडीह जा रहे थे। पचरी के पास सड़क पर बने बड़े गड्ढे में बाइक का पहिया पड़ते ही जोरदार झटका लगा और यह दर्दनाक हादसा हो गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई।

पेज 11 के शेष

आत्मानंद स्कूल का...

उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इसके बाद कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा ने तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की। जिस पर एसडीएम सिमगा अतुल शेटे ने स्वास्थ्य केंद्र सिमगा पहुंचकर सहायता राशि मृतक के परिजनों को प्रदान की। घटना के बाद ग्रामीणों एवं पालकों में शाला प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है।

ओवररेटिंग पर सात ...

लिमिटेड, रायपुर के प्रबंध संचालक को प्रस्ताव भेजा गया है। विभाग ने बताया कि सचिव सह आबकारी आयुक्त, कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर अवैध गतिविधियों और निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बिक्री के विरुद्ध लगातार गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है।

14 असामाजिक तत्व ...

दंडाधिकारी न्यायालय, तिल्दा-नेवरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ जेल वारंट जारी किए जाने के बाद सभी 14 को जेल निरुद्ध किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गणेश पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपद्रवी एवं असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई की जद में आए 14 लोग सूरज सेन, शिवा साहू, राहुल कुमार पंजवानी, राहुल निषाद, इंदिरा सांवरा, सूरज सिंह चौहान, मनोज निषाद, शोभू साहू, अशोक यादव, रवि यादव, करिया देवार, सूर्या सांवरा, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा और संजय वर्मा।

धोबी समाज का...

संगठन एक प्रदेश अध्यक्ष के विषय को लेकर चर्चा किया जाएगा। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए चुनाव संचालन समिति का गठन और राज परिक्षेत्र जिला एवं प्रदेश से मतदाता सूची बनाने को लेकर चर्चा किया जाएगा। बैठक में राज परिक्षेत्र एवं 33 जिला के जिला पदाधिकारी सहित प्रदेश स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

मायके जाने की...

कि तीज पर्व नजदीक आने के साथ बसों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में परिवहन विभाग को यात्री वाहनों में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को सफर कराने और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का पालन सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है। निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना या खड़ा कराना परिवहन नियमों के विपरीत है और ऐसे मामलों में कार्रवाई का प्रावधान भी है।



ॐ एकदन्ताय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात्।

शुभ गणेशोत्सव

हे लंबोदर गजमुख मेरे मोरया...

वक्रतुंड महाकाय, सुर्यकोटि समप्रभ निर्विघ्नं कुरुमेदेव, सर्वकार्येषुसर्वदा



शुभ गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं...

HAPPY GANESH Chaturthi
TRUSTED NAME IN HOME DECORATION
Ana Home Concepts
Vases • Artifacts • Wall Art • Metal Art • Sceneries • Wall Frames • Artificial Flowers • Vertical Gardens • Murals • Water Fountains • Statues • Buddha & Deity Sculptures and Many Other Home Decor Items
Contact For Bulk Order
Mana Road, Deopuri, RAIPUR, Ph : 77460 09115, 93019 59289

श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं!
The Soul of Music
Sargam Musicals
OUR WIDE RANGE OF PRODUCTS
ALL KINDS OF INDIAN & IMPORTED INSTRUMENTS
सभी प्रकार के वाद्य यंत्र के विक्रेता एवं सुधारक
Gurpreet Singh : 98261-11987, 75663-43000
Near Manju Mamta Restaurant, M.G. Road, Raipur (C.G.), Ph.: 0771-4013288
Near Taurn Adlabs Station Road, Durg (C.G.), Mob.: 9826660688

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं...
हर इलेक्ट्रीशियन की पहली पसंद
सभी कंपनियों के हाउस वायरिंग केबल
टिकाऊ व विश्वसनीय
RR KABEL
POLYCAB Connection Zindagi Ka
HAVELLS
ANCHOR
SUNIL ELECTRICALS
M.G.Road, RAIPUR. Ph : 0771-4034528

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
हर ज़रूरत पर घर लायें हमारे प्रतिष्ठान के असली और विश्वसनीय घरेलू आइटम्स
सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे
सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे
दूध, दही, पनीर, घी, मक्खन, खोआ, फ्रेश क्रीम जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लिए भरोसेमंद नाम
Since 1989
फ्रोज़न फूड्स के सभी वेराइटी उपलब्ध
आज ही पधारें :
MARUTI DAIRY & GENERAL STORES
E-mail : themarutidairy@gmail.com
KATORA TALAB, RAIPUR.
Mobile : 7400701000, 9981814647

भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक माना जाता है। गणेश चतुर्थी को गणेश उत्सव और विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास में शुल्क पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ। भगवान शिव और पर्वाती के पुत्र गणेश को ज्ञान, बुद्धि समृद्धि और सौभाग्य का देव कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व वैसे तो पूरे भारत में मनाया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र में गणेश उत्सव/गणेश चतुर्थी व्यापक रूप से मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व 11 दिनों तक मनाया जाता है, गणेश स्थापना से लेकर 10 दिनों तक भगवान गणेश जी को घर में रखते हैं और 11वें दिन गणेश विसर्जन करते हैं। गणेश उत्सव पर लोग एक दूसरे को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

गणेश उत्सव का महत्व

भगवान गणेश को सौभाग्य, समृद्धि और ज्ञान का देवता माना जाता है. ऐसे में गणेश पूजन से घर में सुख समृद्धि का वास होता है. मान्यता ये भी है कि गणेश उत्सव के 10 दिनों तक भगवान गणेश पृथ्वी पर ही रहते हैं और अपने भक्तों के कष्टों को दूर करते हैं. ऐसे में भक्त भी बप्पा को प्रसन्न करने के लिए हर जतन करते हैं. इस दिन सभी घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा का भव्य स्वागत किया जाता है. साथ ही गणेश चतुर्थी का व्रत भी रखा जाता है. इस तिथि को व्रत रखने से व्रती को जीवन में सुख- समृद्धि और अनेक लाभ प्राप्त होते हैं

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं...
आपका व्यापार और घर रहे सुरक्षित
LIMITED TIME OFFER
हमारे यहाँ सभी प्रकार के कैमरे उपलब्ध है
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध BAJAJ FINSERV
मात्र ₹9999 2 कैमरे का कम्प्लीट सेटअप
मात्र ₹12499 4 कैमरे का कम्प्लीट सेटअप
जल्द से जल्द स्टोर विजिट करें और ऑफर का लाभ उठायें
Soni CCTV Camera
Shop No. 4-5, Ground Floor, Chandra Planet, Ring Road No-1, Near Ashoka Millennium, New Rajendra Nagar, Raipur
98271 52952 www.sonivision.co.in

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
SHRI SAI MOBILE & ELECTRONICS
iPhone 100/-, 110/-, 120/- रु. के प्रतिदिन EMI
10% OFF on purchase from credit card on all products
₹ 1500 तक की छोटी किस्त पर घर ले जायें नया मोबाइल सिर्फ श्री साई मोबाइल पर
मेगा ड्रॉ ऑफर
में कई आकर्षक गिफ्ट पाने का मौका
इसके अलावा 10 हजार तक का कैश बैक
50 हजार तक का एक्सचेंज बोनस • 15 हजार तक डिस्काउंट बाऊचर
1st PRIZE THAR ROXX
2nd PRIZE HUNTER 350
3rd PRIZE ACTIVA
4th PRIZE iPHONE 17
5th PRIZE WASHING MACHINE
6th PRIZE LED TV
कोई भी मोबाइल 99₹ देकर ले जायें साथ पाएं आकर्षक गिफ्ट
1500₹ की छोटी EMI पर कोई भी इलेक्ट्रिकल्स आयटम साथ पाएं आकर्षक गिफ्ट
COMING SOON
IPHONE 18 & 18 PRO PRE-BOOKING AVAILABLE
SAMSUNG Z FOLD 8 & Z FOLD 8 ULTRA ₹5999 PER MONTH EMI START
6000/- MRP वाली Trolly Bag फ्री
8000/- MRP वाली Duffle Bag फ्री
8000/- MRP वाली Sound Speaker फ्री
4000/- MRP वाली Gift Hampper फ्री
SHRI SAI MOBILE & ELECTRONICS
1. ब्रांच - सुमित बाजार के सामने, महादेव घाट, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
2. ब्रांच - सुंदर नगर, डंगनिया तालाब के पास, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
81031 90349 9300002002
BAJAJ FINSERV IDFC FIRST Bank TVS CREDIT DMI FINANCE

चित्रकांत बघेल (डायरेक्टर)
VENUS MACHINERY
की ओर से समस्त देशवासियों को
गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि हो या निर्माण क्वालिटी और मजबूती हमारी पहचान – वीनस मशीनरी
पावर वीडर
पैलेट मशीन
चाफ कटर
आटा चक्की
ट्रॉली
कंक्रीट मिक्सर
वाटर टैंकर
बैटरी स्प्रेयर
स्प्रेयर
निर्माण कार्य
कृषि कार्य
ग्रामीण क्षेत्र
उद्योग एवं प्रोसेसिंग
सिंचाई एवं बागवानी
किसानों हेतु उपयुक्त
निर्माता व विक्रेता:
वीनस मशीनरी
एफ-1, महिंद्रा शोरूम के बाजु में मेनरोड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)
फ़ोन : 0771-3149312, मो.: 9343500569, 9516906000

खबर संक्षेप

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

महासमुंद। देवानपाली पुल के पास एक ट्रक की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। देवानपाली निवासी सुब्रत बाघ पिता विपिन बाघ 11 सितंबर को अपने पिता विपिन बाघ के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जेक्यू 2808 से कुर्मीपाली बाजार गया था। वापस घर आते समय देवानपाली पुल के पास ट्रक क्रमांक सीजी 22 एक्स 8984 के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे प्रार्थी के पिता विपिन बाघ के पैर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

वर्धमान नगर में 80 हजार की चोरी

महासमुंद। नगर के वर्धमाननगर में सोने-चांदी के जेवर समेत नगद रकम की चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। वर्धमान नगर निवासी नम्रता गौड 11 सितंबर को मकान में ताला लगाकर अपने पति अनिल निर्मलकर के साथ ससुराल ग्राम बेमचा चली गई थी। 12 सितंबर की सुबह जब वह वापस आई तो देखा कमरे के बाहर दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था और कमरे के अंदर आलमारी में रखे गुल्लक से नगद रकम करीबन 50000 रुपए, दो नग सोने का कान का झुमका कीमत 25000 रुपए, दो नग चांदी का पायल कीमत 5000 रुपए, दो नग चांदी की बिछिया कीमत 500 रुपए, एक नग चांदी का सिक्का कीमत 200 रुपए कुल 80700 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली।

नयापारा में दो लोगों के साथ मारपीट

महासमुंद। नयापारा में दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। वार्ड नं. 21 सुभाषनगर निवासी बादल मेहंती 12 सितंबर को अपने छोटे भाई आयुष मेहंती के साथ मोटर सायकल में चिकन खरीदने के लिये नयापारा मछली मार्केट जा रहे था। दोपहर करीबन 12 बजे अटल आवास नयापारा महासमुंद के पास कार्तिक देवार और उसके अन्य साथियों के द्वारा एक राय होकर बादल और उसके भाई आयुष मेहंती के साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का लात घूंसा, लाठी डंडे व ईंट से मारपीट करने लगे।

निधन

नमन वर्मा



बंगोली। ग्राम मूरा निवासी नमन वर्मा 3 वर्ष का निधन 12 सितंबर को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम मे किया गया। अंतिम संस्कार में गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे निलावती वर्मा, होरीलाल वर्मा के सुपुत्र थे।



गणेशोत्सव: 10 दिनों तक चलेगा धार्मिक अनुष्ठानों का दौर

आज पंडाल और घरों में विराजेगे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर खरोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना 14 सितंबर से होगी। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है, वहीं मूर्तिकार गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। खरोरा के स्थानीय मूर्तिकार इन दिनों विभिन्न आकार और आकर्षक रूप वाली गणेश प्रतिमाओं को तैयार करने में व्यस्त हैं। प्रतिमाओं पर रंग-रोगन के साथ मुकुट, आभूषण और अन्य सजावटी कार्य बारीकी से किए जा रहे हैं। मूर्तिकारों गिरधर का कहना है कि इस बार भक्तों की पसंद और मांग के अनुसार अलग-अलग डिजाइन की प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। साथ ही प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गणेश चतुर्थी नजदीक आते ही बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। दुकानों में छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाएं सजने लगी हैं, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। लोग अपनी पसंद की प्रतिमाएं खरीदने के लिए मूर्तिकारों और दुकानों तक पहुंच रहे हैं। मूर्तिकारों को इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में अधिक आर्डर मिलने है, जिससे उनमें अच्छे कारोबार की आस जगी है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घरों, मंदिरों, चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिमा स्थापना की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कई स्थानों पर गणेश पंडाल भी सजाए जा रहे हैं। इस बार कच्ची मिट्टी से तैयार की गई गणेश प्रतिमाओं की मांग भी देखने को मिल रही है। मिट्टी से बनी इन प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। गणेश उत्सव के दौरान खरोरा सहित आसपास के क्षेत्रों में दस दिनों तक धार्मिक आयोजन और पूजा-अर्चना का सिलसिला चलेगा। पर्व को लेकर अभी से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल नजर आने लगा है।



आज विराजेंगे विघ्नहर्ता

पलारी। भगवान गणेश 14 सितंबर से प्रत्येक गांव के मुख्य चौराहो पर विराजमान होंगे, जिसके लिए समितियां द्वारा व्यापक तैयारी की है। बड़े-बड़े पांडाल तैयार आकर्षक रूप से सजाया गया है। रविवार की देर रात तक आसपास के गांव के लोग पलारी से गणेश भगवान को मोटरसाइकिल ट्रैक्टर आदि वाहनों से गाजे बाजे के साथ पटाखे फोड़कर उत्साह के साथ ले जाते दिखे, आने वाले 10 दिनों तक गांव में विधिवत पूजा अर्चना से भक्तिमय माहौल का वातावरण रहेगा। वहीं बच्चों के प्रिय भगवान गणेश घर-घर में भी विराजमान होंगे। पलारी नगर के बाजार चौक, सरस्वती चौक, गांधी चौक, ठाकुर देव, चौक महामाया चौक, शीतला चौक, शांति नगर, रायपुर मार्ग, बलौदाबाजार मार्ग, बघेल कॉलोनी, इंदिरा नगर गुरुघासीदास चौक, स्टेडियम पारा आदि सभी वार्डों में भगवान गणेश विराजमान होंगे इसके साथ ही जगराता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पंडालों में सजावट पूरी



सिमगा। इस बार 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी मनाया जाएगा। पूरे अंचल में इस दिन सार्वजनिक पंडालों के साथ-साथ घरों में भी भगवान गणेश के प्रतिमा की स्थापना जाएगी। नगर के आदर्श स्कूल के पास, पुराना बस स्टैंड और बाजार चौक सहित बड़े पंडालों में विराजमान होने वाले सार्वजनिक गणेश समितियों द्वारा एक से बढ़कर एक सजावट का कार्य किया गया है जो लगभग पूरा हो चुका है। नगर के प्रमुख पंडालों में लाइटिंग आदि से आकर्षक सजावट की जा रही है। वहीं प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे ने बताया कि विसर्जन के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया है। उन्होंने आमजन व समितियों से अपील किया है पुरे भक्ति भाव आस्था व शांतिपूर्ण तरीके से भगवान गणेश को स्थापित करें।

तीजा पर लोकल ट्रेनें रद्द, क्रांति सेना ने प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



रेल प्रशासन द्वारा 13 और 14 सितंबर को लोकल ट्रेनों को बंद किए जाने के निर्णय को लेकर क्षेत्रीय लोगों और संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। रविवार को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने भाटापारा रेलवे प्रबंधक को प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर रद्द की गईं ट्रेनों को तत्काल बहाल करने की पुरजोर मांग की। छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण त्यौहार में से एक तीजा-पोरा के समय प्रशासन के द्वारा इस प्रकार से लोकल ट्रेनों को रद्द करना पूरे छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों के लिए एक अपमान है जबकि पूरी पटरी में 24 घंटा माल गाड़ियां दौड़ रही है उनके लिए कोई रोक-टोक नहीं है। वहीं अन्य विशेष अवसर त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाई जाती है किंतु छत्तीसगढ़ियों के लिए ऐसा भेदभाव क्यों केवल और केवल सामान्य यात्रियों के लिए ही ट्रेनों को कैंसिल किया जाता है इसे तत्काल वापस लेकर तुरंत ट्रेनों को चालू किया जाना चाहिए। इस प्रकार से यदि भविष्य में और त्योहार के समय यदि लोकल ट्रेनों को रद्द किया जाता है तो इसका विरोध छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना करेगी। इस संबंध में भाटापारा रेलवे समिति सलाहकार के सदस्य अभिषेक मोदी का कहना है कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा त्यौहार जिसमें हमारे बेटी बहन खासकर जो मध्यम वर्ग के परिवार हैं उनके लिए ट्रेन ही एक मजबूत साधन होती है जिसे एन त्यौहार के समय में बंद नहीं करना था आगे या पीछे भी किया जा सकता था। ज्ञापन सौंपने वालों में चंद्रकांत यदु, सुरेंद्र यदु, ओमकार वैष्णव, सनत यदु, खिलेंद्र वैष्णव, सतीश यादव, देव प्रसाद वर्मा कामता वर्मा इत्यादि लोग मौजूद थे।



मेहुल और तेजस्वी ने राज्य स्तरीय जूडो में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा





भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो खेल स्पर्धा में भाटापारा का नाम रोशन करते हुए श्री शंकराचार्य विद्या पीठ के दो होनहार छात्रों मेहुल ध्रुव और तेजस्वी पांडे ने अंडर-14 वर्ग में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) पर कब्जा जमाया है। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत के साथ-साथ खेल शिक्षक संदीप रात्रे एवं कोच यशवंत ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने के साथ ही दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन अब अंडर-14 राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता (नेशनल) के लिए हो गया है। छात्रों की इस गौरवमयी उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष मनोज गुप्ता और सचिव यशवंत साहू ने दोनों खिलाड़ियों, खेल शिक्षक तथा कोच को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ राज्य और भाटापारा का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

- अब नेशनल में दिखाएंगे दम

समाजसेवा एवं सुशासन में योगदान पर डॉ. मनीष को मानद डॉक्टरेट



पलारी। लोक प्रशासन, समाजसेवा एवं सुशासन के क्षेत्र में योगदान के लिए युवा समाजसेवी डॉ. मनीष कुमार साहू को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। 12 सितंबर को फरीदाबाद, हरियाणा में आयोजित समारोह में मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड फाउंडेशन एवं मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी की ओर से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गीतांजली शर्मा एवं डॉ. सीपी यादव ने उन्हें सम्मानित किया। मनीष साहू पिछले नौ वर्षों से जनसंपर्क, जनसंचार, समाजसेवा एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के युवा प्रकोष्ठ के संगठन सचिव एवं छत्तीसगढ़-ओडिशा प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी सेल के प्रदेश प्रभारी महामंत्री हैं। सम्मान पर उन्होंने परिजनों, गुरुजनों, समाज के वरिष्ठजनों एवं साथियों के प्रति आभार जताया।

ऊंच-नीच मिटाकर गुरु रविदास ने दिखाई समरसता की राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को ग्राम असनींद में भाजपा मंडल कसडोल के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा एवं समरसता सभा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें एवं सामाजिक बंधु शामिल हुए। पूरे गांव में यात्रा को लेकर उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि गुरु रविदास, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भगवान गौतम बुद्ध के छायाचित्र पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद माताओं एवं बहनों ने सिर पर पावन कलश धारण कर भव्य यात्रा निकाली। यात्रा में संत रविदास जी के तैलचित्र को भी सम्मानपूर्वक शामिल किया गया। कलश यात्रा गांव की विभिन्न गलियों से होकर गुजरी। गांव के देव स्थानो की मिट्टी को कलश में संग्रहित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह आरती उतारकर यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर वातावरण में संत रविदास जी के संदेशों का जयघोष होता रहा।

- गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर गूंजा समरसता का संदेश



भेदभाव मिटाकर मानवता का संदेश दिया

समरसता सभा को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव एवं भाजपा मंडल कसडोल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन, विचारों और अमर वाणी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज में व्याप्त भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना को समाप्त कर मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुटता और समरसता की दिशा में प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव, सरपंच संतोष ध्रुव, सरिता जायसवाल, गणेश शंकर साहू, दिलहरण जायसवाल मंडल प्रभारी, राजेश साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, चन्दराम साहू युवा मोर्चा, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल कमलवंशी, मेहर समाज अध्यक्ष दिलहरण मिरी, रामगोपाल मिरी, जीवन लाल रात्रे, गिरिचंद सोनवानी, शीलकंठ मिरी, राजेंद्र रात्रे, मनमोहन मिरी, बुधराम मिरी, शंकर मिरी, रामलाल मिरी, नरेंद्र अजगले, रामकुमार रात्रे सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कपुरताल तालाब और संजीवनी हॉस्पिटल मार्ग पर लगेंगी लाइटें

31.93 लाख की लागत से लगेंगे ट्यूबलर पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



नगर पंचायत कसडोल में विकास कार्यों को गति देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में रविवार को 31.93 लाख की लागत से होने वाले दो महत्वपूर्ण ट्यूबलर पोल विस्तार कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन किया गया। विकास कार्यों के पूरा होने के बाद नगर के प्रमुख मार्गों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे रात्रिकालीन आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होने की उम्मीद है।

भूमिपूजन के तहत गायत्री चौक से कपुरताल तालाब तक ट्यूबलर पोल विस्तार कार्य (सिरपुर रोड) तथा शहीद वीर नारायण सिंह चौक से संजीवनी हॉस्पिटल तक ट्यूबलर पोल विस्तार कार्य (बलार रोड) कराया जाएगा। इन दोनों प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था के विस्तार से नगरवासियों, राहगीरों एवं वाहन चालकों को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि कसडोल का समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था मजबूत होने से लोगों को सुविधा मिलने के साथ ही रात के समय आवागमन भी सुरक्षित होगा।

विकास कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा

उन्होंने कहा कि नगरवासियों की आवश्यकता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। जनसुविधाओं का विस्तार, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और कसडोल को सुविधायुक्त एवं व्यवस्थित नगर बनाना प्राथमिकताओं में शामिल है। विकास कार्यों का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव, पार्षदगण सुंदर साहू, संजय साहू, भगवती साहू, भानू साहू, एल्डरमेन राजेन्द्र श्रीवास, गोटी लाल साहू, हेमलाल साहू, सेवक साहू, दुखीराम साहू, ज्ञानू साहू एवं राजा पाठक सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, संबंधित ठेकेदार एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

